# डूंगरपुर में एसपी कार्यालय के कार्मिकों की करोना जांच हुई

## मंगलवार को जिले में 96 नए करोना संक्रमित मिले

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर में मंगलवार को 96 नए कोरोना पॉजिटिव केस आए है। शहर के साथ अब गांवों में भी कोरोना फैलने लगा हैं। 15 दिन में 990 केस मिले हैं। अब तक 28 6 मरीज रिकवर हुए है।

डूंगरपुर में राहत की बात है कि रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या में भी उतना ही इजाफा हो रहा है। सीएमएचओ डॉ. पंकज कुमार खांट ने बताया कि मंगलवार को 96 नए पॉजिटिव केस आए हैं। मेडिकल कॉलेज के आईएलआई ओपीडी से सबसे ज्यादा केस आए है। शहर के हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, रामनगर, प्रतापनगर, आदर्शनगर कॉलोनियों से भी लोग संक्रमित मिले हैं।

जिले में समय-समय पर फ्रंट लाइन कार्मिकों के साथ अन्य लोगों की सैम्पलिंग का कार्य किया जा रहा है। एहतियात तोर पर सीएमएचओ कार्यालय, न्यायालय कार्यालय, कलेक्टेट कार्यालय व अन्य कार्यालयों के कार्मिकों की सैम्पलिंग करवाई गई थी। डॉ खाट ने यह भी बताया कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एतियात के रूप से 69 कार्मिकों के सैम्पल लिए गए। वही बुधवार को आईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज डूॅगरपुर में स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओ की सैम्पलिंग की जाएगी।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सैम्पलिंग करते स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक।

## उदयपुर में मिले 677 पॉजिटिव, 403 रिकवर भी हुए

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में मंगलवार को 677 पॉजीटिव मिले है। जिले में 403 संक्रमित रिकवर हुए है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि संक्रमितों में शहरी क्षेत्र में मिले 494 में 77 कोरोना वॉरियर्स, 276 नए संक्रमित, 139 क्लॉज कांटेक्ट व 02 माइग्रेंट है।

ग्रामीण क्षेत्र में मिले 183 संक्रमितों में 31 कोरोना वॉरियर्स, 35 क्लॉज कांटेक्ट व 117 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंड़ा 62454 हो गया है। इनमें से 57632 रिकवर हो चुके है।

# भीलवाड़ा तहसीलदार सहित चार को जयपुर एसीबी ने गिरफ्तार किया


दलाल के घर पर कार्यवाही करते जयपुर एसीबी की टीम।


आरोपी तहसीलदार

**भीलवाडा, (निसं)।** सूत्र सूचना के आधार पर जयपुर एसीबी की टीम ने भीलवाडा में प्रदेश की सबसे बडी कार्रवाई को अंजाम दिया है। भीलवाडा तहसीलदार, दलाल सहित रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। इस मामले में एसीबी ने घूस देने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की एस.यू प्रथम, जयपुर इकाई ए एस पी राजेंद्र नैन के नेतृत्व में विभिन्न टीमों सहित कार्रवाई करते हुये लालाराम यादव, तहसीलदार भीलवाडा, दलाल कैलाश धाकड और मनोज घाकड और रिश्वत देने वाले दीपक चौधरी के 4 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी ली गई। एएसपी नैन ने बताया की एक महत्त्वपूर्ण सूत्र सूचना मिलने पर ब्यूरो मुख्यालय द्वारा लालाराम यादव, तहसीलदार तहसील भीलवाडा एवं उसके दलाल कैलाश धाकड निवासी बिजौलिया पर गोपनीय निगरानी रखी गई। निगरानी से तहसील/उपखण्ड कार्यालय के राजस्व व अन्य मामलों में सांठ-गांठ कर रिश्वती राशि के लेन-देन का मामला बनना पाये जाने पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

सर्च के दौरान तहसीलदार यादव के आवास पर जमीनों से संबंधित कई दस्तावेज 5,37,000 की नकदी जबकि दलाल कैलाश धाकड के घर पर 12 लाख से अधिक रुपए की नगदी और प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। ब्यूरो की प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार लालाराम यादव, तहसीलदार भीलवाडा द्वारा अपने दलाल कैलाश धाकड, मनोज धाकड़ व पक्षकार दीपक चौधरी से सांठगांठ कर एक मामले में तीन लाख रूपये रिश्वती राशि स्वयं के भाई पूरणमल यादव निवासी सेवापुरा चाकसू के बैंक खाते में डलवाना सत्यापन से पाया गया।

तलाशी में लालाराम तहसीलदार के भीलवाड़ा स्थित निवास से 5 लाख 37 हजार रुपये नगद तथा उसके दलाल कैलाश धाकड़ के बिजौलिया निवास से 12 लाख रुपये से अधिक नकद राशि सहित कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज / साक्ष्य मिले हैं। प्रकरण में रिश्वत देने वाले, बिचौलिये दलाल व रिश्वत मांगने व प्राप्त करने वाले लोकसेवक, सभी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य तलाशी में मिले हैं। एसीबी के महानिदेशक बीएल सोनी, अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम. एन. के निर्देशन में विभिन्न टीमों द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी जारी है। संदिग्धों के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## पाली में मिले 569 करोना मरीज

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जिले में मंगलवार को सुबह 300 सौ से ज्यादा और शाम तक 569 कोरोना मरीज मिले। बांगड़ अस्पताल में सर्दी जुकाम बुखार के मरीजों की कतारें लगी हैं। ऐसे मरीजों को 100 नंबर रूम में भेज आरपीटीसीआर की जांच हर मरीज की जांच करवाएगी। मंगलवार को 47 मरीज रिकवर हुए, रिपोर्ट आने के बाद पॉजिटिव लोगों को दवाई देकर घरों में रहने के निर्देश देते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि करीब-करीब शहर वासियों को डबल दोज लग चुकी है इसलिए कोई खतरा नहीं है।

# कोविड का असर: जोधपुर में दो की मौत, 801 संक्रमित मिले

- जोधपुर को 9 जोन में बांटा, मधुबन का क्षेत्र इन दिनों हॉटस्पॉट बना हुआ है
- 591 लोगों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज भी किया गया
- जोधपुर में संक्रमण की दर 40.03 बताई जा रही है

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में मंगलवार को दो कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई। वहीं आज संक्रमितों का आंकड़ा आठ शतक के ऊपर रहा। आज 801 संक्रमित मिले। 591 लोगों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी किया गया। शहर में लोग कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण को हल्के में ले रहे हैं। बाजारों में वैसे ही भीड़ जुटाते नजर आ रहे हैं। सावों की धूम के चलते लोग बाजारों में भीड़ करते नजर आ रहे हैं।

शहर में कोरोना संक्रमण की दर का ग्राफ तेजी से चढ़ता नजर आ रहा है। 10 जनवरी को संक्रमण की दर 18.21 थी वहीं अब बढकर सात दिनों में दुगुनी से भी ज्यादा हो गई है। जोधपुर में संक्रमण की दर 40.03 बताई जा रही है। सात दिनों में दर 22 फीसदी बढ़ गई। शहर को कोरोना के लिहाज से 9 जोन में बांटा गया है। इसमें से मधुबन का क्षेत्र इन दिनों हॉटस्पॉट बना हुआ है। इस क्षेत्र में कुड़ी भगतासनी, और झालामंड का एरिया आता है। यहां अब तक कुल संक्रमितों का 22 प्रतिशत संक्रमित यानी 1552 संक्रमित अकेले मधुबन में मिल चुके है।

## टोंक में 121 नये करोना पॉजिटिव मिले

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिले में मंगलवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 121 पॉजिटिव मरीज पाए गए है।

चिकित्सा विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को कोरोना जांच रिपोर्ट में 121 में से टोंक शहर 41, टोंक ग्रामीण 27, देवली 20, निवाई 22, मालपुरा 4, उनियारा 6, टोडारायसिंह 1 कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। अब जिले में 524 कोरोना पॉजिटिव केस हो गए हैं।

# पहली निर्यात कंटेनर ट्रेन का शुभारंभ

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर) द्वारा मांडलगढ़ सीआरटी से पीपावा पोर्ट के लिये मंगलवार को पहली निर्यात कंटेनर ट्रेन का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। भारतीय कंटेनर निमग लिमिटेड के टर्मिनल प्रबंधक ने बताया कि इस दौरान कॉनकॉर के कार्यकारी निदेशक एरिया 1 कमल जैन एव मडल रेल प्रबंधक पंकज शर्मा व मुख्यालय पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तथा माण्डगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुनिल गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक कॉनकॉर, मनोज जैन अपर मंडल रेल प्रबंधक कोटा, अजय कुमार पाल वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक कोटा डिपो प्रबंधक कोटा वैभव वर्मा एवं आयातक निर्यातक निर्यातक शिपिंग लाईंस सीएचए उपस्थित रहे।

## आसाराम की सुनवाई अब 20 को

**जोधपुर, (कासं)।** आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम मामले में आज सुनवाई नहीं हो पाई। अब इसमें बीस जनवरी को सुनवाई हो पाएगी। पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी को मंगलवार को इस मामले में बहस करनी थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वे पेश नहीं हो पाए। उनकी तरफ से कहा गया कि कुछ समय प्रदान किया जाए। न्यायाधीश संदीप व न्यायाधीश विनोद की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई दो दिन बाद करने का आदेश दिया।

# भर्तियों में धांधली के विरोध में शौर्य चक्र विजेता जाखड़ अनशन पर बैठे



असिस्टेंट कमांडेंट के पद से इस्तीफा देकर अनशन पर बैठे विकास।

**झुंझुनूं, (निसं)।** रीट समेत सरकारी भर्तियों में हुई धांधली के खिलाफ सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट की नौकरी छोड़कर आवाज उठाने वाले शौर्य चक्र विजेता विकास जाखड ने कल से अपने गांव जाखडों का बास में आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उनके साथ धरने पर कई युवा भी शामिल हुए।

वहीं सवाई माधोपुर से आई संजू भी अनशन पर बैठी है। बीती रात भी भयंकर सर्दी के बावजूद विकास जाखड़ और उनके साथियों ने अनशन स्थल पर ही रात बिताई। इस अवसर पर शौर्य चक्र विजेता विकास जाखड़ ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों में धांधली व गड़बड़ी के लिए पूरा गिरोह काम कर रहा है। सरकार भर्तियों में धांधलियों से बच रही है। क्योंकि सरकार खुद इन गड़बड़ियों में शामिल है। रीट, एसआई या ग्राम सेवक, लाइब्रेरियन समेत अन्य परीक्षाओं में धांधली की गई। इससे लाखों युवाओं को नुकसान हो रहा है जो दिनरात इनकी तैयारी करते हैं।

उन्होंने कहा कि कहा कि युवाओं के साथ हो रहे अन्याय से आहत होकर ही वे अपने पद से इस्तीफा देकर युवाओं के हक की लड़ाई लड़ रहे है। उन्होंने कहा सरकारी भर्ती में हुई धांधली की जांच सीबीआई से कराने व इसकी रोकथाम के लिए एक कमेटी के गठन के लिए वे अनशन कर रहे है। सरकार के दमन से भी युवाओं के हक की आवाज दबने वाली नहीं है। प्रदेश के युवा इसमें जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस दमन के मामले की जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। सीकर से आए सुमित शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ समय में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में जमकर धांधली हुई पेपर आउट हुए। इसका नुकसान मेहनती व ईमानदार युवाओं को हो रहा है। इससे युवाओं में आक्रोश है। मुकेश कुमार, सोनू लता मीणा सवाईमाधोपुर, योगेश जालौर समेत अनेक युवाओं ने सरकारी भर्ती में हो रही गड़बड़ी की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश के युवा इस मामले में विकास जाखड़ की बातों से सहमत है। धरने पर रूपसिंह, राजेश, अर्जुन, हरकेश आदि मौजूद थे।

# दस हजार कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती होंगे, विज्ञापन जल्द

- मार्च-अप्रैल में हो सकता है एग्जाम, विभाग ने कर्मचारी चयन आयोग को भेजी रिक्वेस्ट

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेशभर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर (अनुदेशक) के दस हजार पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन एक-दो दिन में जारी हो जाएगा। शिक्षा विभाग ने नियुक्ति प्रोसेस के अंतिम चरण के रूप में कर्मचारी चयन आयोग को रिक्वेस्ट भेज दी है। इसके बाद अब सीधे विज्ञापन जारी होना है। विभाग ने बेसिक व सीनियर कंप्यूटर के पदों पर नियुक्ति के लिए सिफारिश भेजी है।

इसके तहत बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक पदों पर तथा वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक के 295 पदों पर भर्ती की आवश्यकता बताई गई है। टीएसपी एरिया के लिए बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के 888 पद होंगे, जबकि सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के 13 पद होंगे। अब इसी पत्र के आधार पर कर्मचारी चयन आयोग समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करेगा। भर्ती एक परीक्षा के माध्यम से होगी, जिसका सिलेबस पहले ही जारी किया जा चुका है। साथ ही भर्ती के लिए योग्यता भी तय हो चुकी है।

प्रदेश के सभी स्कूलों में फिलहाल कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर नहीं पहुंच रहे हैं बल्कि सभी महात्मा गांधी स्कूलों में एक-एक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर जरूर पहुंच जाएगा। बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर की पोस्ट इन्हीं महात्मा गांधी स्कूलों को आवंटित की जाएगी। राज्य के सभी महात्मा गांधी स्कूल में एक-एक कंप्यूटर लैब भी स्थापित करने का प्लान चल रहा है। इसके अलावा प्रदेश के बड़े स्कूल में भी कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर दिए जाएंगे। ये सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर होंगे। लगभग सभी बड़े शहर व कस्बों में दो-तीन सीनियर इंस्ट्रक्टर के पद होंगे, जबकि शेष बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के पद होंगे।

शिक्षा विभाग का प्रयास होगा कि नए सेशन में महात्मा गांधी स्कूल में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पहुंच जाएं। नया सेशन अगर अप्रैल में शुरू होता है तो ये मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

## राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन स्थगित

- कोरोना के चलते अब नए सत्र में होंगे सम्मेलन

**बीकानेर, (कासं)।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते राज्यभर में होने वाले राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन स्थगित कर दिए गए है। अब 21 व 22 जनवरी को होने वाले सम्मेलन फिलहाल नहीं होंगे। सम्मेलन की नई तारीखें भी तय नहीं की गई है। इसके अलावा भी शिक्षकों के लिए दिशा निर्देश शुरू दिए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। दो दिन के राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के कारण स्कूल में अवकाश था लेकिन अब इन दो दिनों में अवकाश भी नहीं होगा। सम्मेलन की नई तारीखें भी तय नहीं हुई है। उम्मीद की जा रही है कि अब कोरोना की तीसरी लहर खत्म होने के बाद ही ये सम्मेलन हो सकेंगे। बच्चों के लिए पहले से स्कूल में अवकाश ही है लेकिन टीचर्स को अब स्कूल आना होगा। विभाग की ओर से पूर्व में भी एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें टीचर्स को कोरोना गाइड लाइन की पालना के निर्देश दिए गए हैं।

# आरटीपीसीआर सैंपल मामले में पीएमओ ने कार्मिकों के बयान लिये

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा से टोक भेजे गए आरटपीसीआर जांच के सैंपल के गबन मामले की जांच में मंगलवार को नया मोड आ गया। सीएमएचओ ने मामले में सैम्पल दोबारा से लिये जाने के लिए बीसीएमओ व सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिये हैं तो अब मालपुरा सीएचसी सहित ब्लॉक के पीएचसी सेन्टरों पर तैयार की गई ऑनलाइन सूची से कार्मिक दुबारा आरटीपीसीआर लेने की तैयारी में जुट गये हैं।

टोंक पीएमओ बीएल मीणा ने मालपुरा सीएचसी के दो कार्मिक व बीसीएमओ कार्यालय में आरबीएस के टीम के वाहन चालक सहित टोंक लैब टैक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित कुल आधा दर्जन कार्मिकों के बयान कलमबद्ध कर सैम्पल गबन की जांच शुरू की है। सीएमएचओ यादव ने बताया कि अब तक के घटनाक्रम की गई जांच पड़ताल में मालपुरा बीसीएमओ डॉ. संजीव चौधरी की घोर लापरवाही सामने आई है। जिसमें बीसीएमओ ने इतनी बड़ी संख्या में संग्रह किये गये आरटीपीसीआर सैम्पलों को लैब टैक्नीशियन या जिम्मेदार कार्मिक के साथ भेजे जाने के बजाय एक वाहन चालक के साथ टोंक भेज एक सप्ताह तक उनकी रिपोर्ट नहीं मिलने के बावजूद टोंक पीएमओ से सम्पर्क साधना मुनासिब नहीं समझा।

सैम्पल गबन को लेकर राष्ट्रदूत के मुख पृष्ठ पर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला कलेक्टर व जिला चिकित्सा अधिकारी को मामले की भनक लगी। यादव ने बताया कि अब तक की जांच में संदेह के घेरे में आये मालपुरा के वाहन चालक घासी चौधरी व टोंक लैब टेक्नीशीयल को जल्द ही टर्मिनेट कर चार्जशीट दी जायेगी तथा मालपुरा बीसीएमओ की सामने आई लापरवाही की रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय व सरकार को भेजी जायेगी। घटनाक्रम में बयान लिये गये कर्मचारियों व अधिकारियों की कॉल डिटेल के साथ-साथ टोंक लैब के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# अलवर: बेटियों ने कलेक्टर निवास पर चस्पा किये फोन नम्बर



कलेक्टर निवास पर चस्पा की गई बेटियों के फोन नम्बर की सूची।

**अलवर, (निसं)।** 4 दिन पहले अलवर कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया ने विरोध जताने आई छात्राओं से उनके पिता के नंबर पूछे और कहा था कि राजनीति करने आती हो या पढ़ने। मंगलवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के आवास पर कुछ मोबाइल नंबरों की सूची लगा दी। यह भी लिखा कि कलेक्टर महोदय ये नंबर उन बच्चियों के पिता के हैं, जो न्याय और सुरक्षा मांग रही हैं।

पिछले 3 दिनों से कलेक्टर आवास और कलेक्ट्रेट पर भी युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। एक तरफ पुलिस की नाकामी के खिलाफ विरोध जारी है। वहीं दूसरी तरफ कलेक्टर को इस बात के लिए घेरा जा रहा है कि नाबालिग के साथ हुई घटना के प्रति विरोध जताने पहुंची छात्राओं से कलेक्टर ने उनके पिता के नंबर मांगे। धमकी भरे लहजे में कहा कि पढने आती हो या राजनीति करने। उसके बाद से मामला तूल पकडता गया। अब तक विरोध जारी है।

## कार्यवाहक तहसीलदार पर जांच दबाने का आरोप

**टोंक, (निसं)।** जिले की टोडारायसिंह नगर पालिका में एक निर्दलीय पार्षद द्वारा अपने संतान संबंधी झूठी घोषणा का शपथ पत्र देकर चुनाव जीत लिया। जिसकी शिकायत कस्बे के ओमप्रकाश, प्रभू, हेमेन्द्र सैनी, राहुल, अशोक, हीरा, रामदेव सहित दर्जनभर व्यक्तियों ने संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर को 14 अक्टूबर को लिखित शिकायत की थी। संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर ने इन समस्त दस्तावेजों की जांच के लिए उपखंड अधिकारी निर्वाचन अधिकारी को भेजकर सात दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

उपखंड निर्वाचन एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने उक्त जांच तहसीलदार को सौंपते हुए शिकायत के साथ संलग्न दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जांच अधिकारी तहसीलदार सीताराम लक्ष्कार ने उक्त संतान संबंधी दस्तावेज में जन्म तिथियों की जांच करने बजाए निर्दलीय पार्षद इस्लाम मोहम्मद से सांठ-गांठ कर अपनी स्वार्थसिद्ध करते हुए शिकायतकर्ताओं से दो-तीन व्यक्तियों को फोन पर समझाने का प्रयास कर उनको उक्त शिकायत को उठाने का दबाव बनाया। शिकायककर्ताओं ने मामले में कार्यवाहक तहसीलदार की भूमिका की जांच की मांग की है।

# तेज सर्दी में भी खुले परिसर में ठण्डे फर्श पर बैठने को मजबूर बच्चे

## भीण्डर के भोपाखेडा स्कूल का मामला, टीनशेड में चलती हैं कक्षाएं, ना खेल मैदान ना कक्षा-कक्ष

- भोपाखेड़ा गांव में सरकार ने 6 वर्ष पहले स्कूल क्रमोन्नत कर उच्च माध्यमिक विद्यालय बना दिया था

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर पंचायत समिति के भोपाखेडा गांव में सरकार ने 6 वर्ष पहले स्कूल क्रमोन्नत करके उच्च माध्यमिक विद्यालय बना दिया हैं लेकिन भवन आज भी प्राथमिक स्कूल जैसा है। जिसके चलते टीनशेड में कक्षाएं चल रही हैं और बच्चों को कडकडाती सर्दी में खुले और ठण्डे फर्श पर बैठना पड़ रहा है। वहीं खेलने के लिए मैदान भी नहीं है। विद्यालय भवन में वर्तमान में केवल 5 कमरे हैं जबकि 1 से 12 तक पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 243 है।

शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी केवल अपने नामांकन बढाने पर ध्यान देते हैं बच्चों के अनुकुल शिक्षा के वातावरण पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जाता है। शिक्षा विभाग को नये कमरे बनाने के लिए पत्र भेजा जा रहा है। लेकिन विभाग द्वारा इस विद्यालय को नये कमरे बनाने का बजट स्वीकृत नहीं कर रही है।

प्रकाश कुमार, विद्यार्थी का कहना है कि हमारे विद्यालय में कक्षा-कक्ष नहीं होने की वजह से सर्दी, गर्मी, बरसात में टीनशेड में खुले में बैठना पडता है। इससे परेशानी होती हैं विद्यालय में कमरे बन जाएं तो हम भी कमरों में बैठ करके आराम से पढ सकें हमारे यहां तो फर्नीचर भी नहीं है।


भीण्डर के भोपाखेडा गांव के उच्च माध्यमिक स्कूल में बाहर खुले में प्रार्थना करते बच्चे।

किशनलाल अहीर का कहना है कि हमारा विद्यालय प्राथमिक से उच्च माध्यमिक तक पहुंच गया, लेकिन भवन आज भी प्राथमिक स्कूल जैसा ही है। यहां तो बैठने के लिए कमरे तक भी नहीं है। खेलने के लिए मैदान भी नहीं है। मुकेश टांक, प्रधानाचार्य राजकीय उमावि भोपाखेडा का कहना हैं कि हमारे यहां सबसे बडी समस्या हैं कक्षा-कक्ष की, वर्तमान में केवल 4 कमरे ही उपलब्ध हैं। स्टॉफ के साथियों ने राशि एकत्रित करके टीनशेड लगवाया ताकि बच्चों को सुविधा मिल सके। विभाग में कई बार पत्र भेज चूके हैं लेकिन कोई स्वीकृति नहीं मिल रही है।

महेन्द्र जैन, सीबीईओ भीण्डर का कहना है कि भोपाखेडा विद्यालय में कमरों की कमी हैं, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेज रखें है। बजट स्वीकृत होने पर कक्षा-कक्ष का निर्माण हो सकेंगा। भीण्डर ब्लॉक में जिन विद्यालयों में कक्षाकक्षों की कमी हैं उनको प्राथमिकता पर लेकर हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।